PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Wednesday 1st January 2014, Page: 12
Width: 4.56 cms, Height: 12.18 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-01.39.51

हट सकता है एनालजिन पर लगा बैन

वस, नई दिल्ली : सरकार पेनकिलर एनालजिन पर लगा बैन हटाने पर विचार कर रही है। इस पर इस साल जून में प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके साथ ही डायबीटीज की दवा पायोग्लिटाजोन और डिप्रेशन की दवा डीनजिट पर भी बैन लगाया गया था।

सरकार के इस फैसले का काफी विरोध भी हुआ था। कई स्वयंसेवी संस्थाओं और संगठनों ने पायोग्लिटाजोन और एनालजिन पर बैन लगाने का विरोध करते हुए सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। इसके बाद सरकार ने पायोग्लिटाजोन पर से तो प्रतिबंध हटा दिया था, मगर बाकी दो दवाओं पर रोक जारी रही। इस मामले में कुछ अर्सा पहले ड्रग टेक्निकल अडवाइजरी बोर्ड की बैठक हुई। इसमें सरकार से कहा गया कि वह एनालजिन पर लगा बैन भी हटा सकती है। सरकार से कहा गया कि इस दवा को तेज दर्द और ट्यूमर के दर्द में देने की अनुमति दी जानी चाहिए। बोर्ड की सिफारिश के बाद अब संकेत मिल रहे हैं कि सरकार एनालजिन पर से भी बैन हटा सकती है।